## न्यूज गैलरी

# ढोल-शहनाई बजाने गया युवक लापता किरनापुर पुलिस ने शुरू की तलाश

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** किरनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रट्टापायली से ढोल-शहनाई बजाने का काम करने वाला एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। युवक शैलेंद्र पिता हरीराम शिकारी 38 वर्ष 5 मई को काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन अब तक वापस नहीं लौटा। परिजनों की शिकायत पर किरनापुर पुलिस ने गुम इंसान कायम कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लापता युवक शैलेंद्र शिकारी मूल रूप से ग्राम कोचेवाही थाना रावणवाड़ी जिला गोंदिया का निवासी है। उसकी शादी रट्टापायली निवासी रीता शिकारी से हुई थी। शादी के बाद से दोनों पति-पत्नी रट्टापायली में रह रहे हैं। उनके दो बच्चे भी हैं। शैलेंद्र ढोल-शहनाई बजाने का काम करता है। बताया गया कि 5 मई की शाम करीब 4 बजे शैलेंद्र ग्राम दासगांव जिला गोंदिया में ढोल-शहनाई बजाने जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी समय तक घर नहीं पहुंचने पर उसकी पत्नी रीता ने रिश्तेदारों और ससुराल पक्ष में उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। वहीं उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। लापता शैलेंद्र का हुलिया लंबा अंडाकार चेहरा, सांवला रंग, करीब 5 फीट 6 इंच लंबाई बताया गया है। घर से निकलते समय वह सफेद रंग की शर्ट और काले रंग की फुल पैंट पहने हुए था। पति के लापता होने पर रीता शिकारी अपने जीजा मुकेश हिवारे के साथ किरनापुर थाना पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 38/2026 कायम कर मामले की जांच एवं युवक की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही जिलेवासियों से शैलेंद्र शिकारी के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करने की अपील की है।



# जिले में साइबर ठगों का नया तरीका परिचित बनकर लोगों को लगा रहे फोन

## वारासिवनी में सामने आया मामला, समय रहते सतर्कता से टली हजारों की ठगी

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**जिले में इन दिनों साइबर फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। साइबर ठग अब नई-नई तकनीक और अलग-अलग तरीकों से लोगों को अपना शिकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। पहले जहां ठग ओटीपी, इनाम और लुभावने ऑफरों के जरिए लोगों को फंसाते थे, वहीं अब वे सीधे परिचित बनकर कॉल कर लोगों से पैसों का लेन-देन करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला वारासिवनी क्षेत्र में सामने आया है, जहां एक वारासिवनी के स्थानीय निवासी को उनके बालाघाट के परिचित के नाम से कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को परिचित बताते हुए कहा कि वह किसी जरूरी काम से अचानक इंदौर पहुंचे हैं और उनका फोन-पे और ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम काम नहीं कर रहा है। इसके बाद उसने खाते में हजारों रुपए डालने की बात कही। हालांकि बातचीत के दौरान संबंधित व्यक्ति को कुछ संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने तुरंत अपने वास्तविक परिचित को फोन लगाकर पूरे मामले की पुष्टि की। जांच में सामने आया कि कॉल करने वाला व्यक्ति साइबर ठग था, जो परिचित बनकर ठगी करने की कोशिश कर रहा था। समय रहते सतर्कता बरतने के कारण संबंधित व्यक्ति बड़ी आर्थिक ठगी का शिकार होने से बच गया।**

जिले में एक ओर जहां पुलिस और संबंधित विभाग लगातार साइबर अपराधों को लेकर लोगों को जागरूक करने में लगे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर साइबर ठग भी अब ठगी के नए-नए तरीके अपनाकर भोले-भाले लोगों को अपना शिकार बनाने में जुटे हुए हैं। पहले जहां साइबर ठग लुभावने विज्ञापन, फर्जी लिंक और ओटीपी हासिल कर लोगों के बैंक खातों तक पहुंचने की कोशिश करते थे, वहीं अब ठगी के तरीके और भी ज्यादा खतरनाक और तकनीकी हो गए हैं। हाल के दिनों में साइबर ठग सरकारी योजनाओं, गैस किश्त, यातायात चालान और अन्य चर्चित मुद्दों से जुड़ी फर्जी एपीके फाइलें बनाकर लोगों के मोबाइल पर सीधे मैसेज भेज रहे हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति इन फाइलों को डाउनलोड करता है, उसका मोबाइल हैक हो जाता है और ठग उसके निजी डाटा, बैंकिंग जानकारी और सोशल मीडिया खातों तक पहुंच बना लेते हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेसबुक और इंस्टाग्राम के फर्जी अकाउंट बनाकर भी लोगों को ठगने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कई बार युवतियों की तस्वीरों का इस्तेमाल कर फर्जी प्रोफाइल तैयार किए जाते हैं और लोगों को जाल में फंसाया जाता है। अब साइबर ठगों ने लोगों का भरोसा जीतने के लिए एक नया तरीका अपनाना शुरू कर दिया है। ठग सीधे फोन कर खुद को परिचित बताकर पहले लोगों के खातों में छोटी रकम भेजते हैं ताकि सामने वाला व्यक्ति उन पर विश्वास कर ले। इसके बाद बड़ी रकम ट्रांसफर करने या किसी तकनीकी समस्या का हवाला देकर बैंकिंग जानकारी हासिल करने की कोशिश की जाती है। कई मामलों में थोड़ी राशि भेजने के बाद लोगों के पूरे बैंक खाते तक खाली कर दिए जाते हैं। ऐसा ही एक मामला हाल ही में वारासिवनी क्षेत्र में सामने आया, जहां एक स्थानीय निवासी साइबर ठगी का शिकार होने से बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार वारासिवनी के एक व्यक्ति को उनके बालाघाट के परिचित के नाम से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह बालाघाट में नहीं बल्कि अचानक किसी जरूरी काम से इंदौर पहुंच गया है और वहां उसका यूपीआई एवं फोनपे काम नहीं कर रहा है। उसने बताया कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा बड़ी राशि उनके खाते में डाली जाएगी, जिसे बाद में ट्रांसफर करना होगा। विश्वास जीतने के लिए ठग ने पहले स्थानीय निवासी के खाते में 10 रुपए ट्रांसफर भी कर दिए और कहा कि अब उसके खाते में 51 हजार रुपए डाले जाएंगे। शुरुआत में व्यक्ति को ज्यादा संदेह नहीं हुआ, क्योंकि खाते में राशि वास्तव में आ चुकी थी और फोन करने वाला खुद को परिचित बता रहा था। लेकिन बातचीत के दौरान स्थानीय वारासिवनी निवासी को कुछ संदेह हुआ और उसने समझदारी दिखाते हुए सीधे अपने परिचित को कॉल कर पूरी जानकारी ली। तब पता चला कि उनका परिचित कहीं बाहर नहीं गया है और वह बालाघाट में ही मौजूद है। इसके बाद स्थानीय निवासी ने तुरंत नंबर ब्लॉक कर दिया, जिससे एक बड़ी साइबर ठगी होने से बच गई। जानकारों का कहना है कि साइबर ठग अब लोगों के विश्वास और भावनाओं का फायदा उठाकर अपराध कर रहे हैं। कई बार लोगों के खातों में गलत तरीके से पैसा ट्रांसफर किया जाता है और बाद में वही रकम किसी साइबर अपराध या जालसाजी से जुड़ी निकलती है। ऐसे मामलों में कई बार खाताधारकों के बैंक खाते होल्ड हो जाते हैं और उन्हें कानूनी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। साइबर विशेषज्ञों और पुलिस का कहना है कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गई एपीके फाइल डाउनलोड न करें, किसी भी लिंक पर बिना जांच क्लिक न करें और यदि कोई परिचित बनकर पैसे या बैंकिंग संबंधी जानकारी मांगे तो पहले उसकी पुष्टि जरूर करें। साथ ही यदि किसी खाते में अचानक संदिग्ध रकम आती है तो तुरंत बैंक और पुलिस को इसकी जानकारी दें। लगातार बदलते साइबर अपराध के तरीकों को देखते हुए अब जिले की जनता को पहले से ज्यादा सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है, क्योंकि छोटी सी लापरवाही भी बड़ी आर्थिक और कानूनी परेशानी का कारण बन सकती है।




# वर्ष चौबे ने रचा इतिहास, एमपीपीएससी चिकित्सा अधिकारी परीक्षा में प्रदेश में हासिल की 8वीं रैंक

## स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं देते हुए पाई बड़ी सफलता, जिलेभर में खुशी और गर्व का माहौल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** वर्ष चौबे ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा 2024 में शानदार सफलता हासिल कर बालाघाट जिले का नाम रोशन किया है। 8 मई 2026 को घोषित अंतिम परिणाम में उन्होंने पूरे प्रदेश में 8वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि के बाद परिवार, मित्रों, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और जिलेभर में खुशी का माहौल है।

वर्ष चौबे लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग में सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने जिला चिकित्सालय बालाघाट में कार्य करते हुए मरीजों की सेवा की और अपनी कार्यशैली, अनुशासन एवं व्यवहार से अलग पहचान बनाई। स्वास्थ्य सेवाओं के दौरान उन्होंने कई चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। बताया जा रहा है कि कुछ माह पूर्व ही उनकी पदस्थापना किरनापुर क्षेत्र में की गई थी, जहां वे स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े दायित्व निभा रहे हैं। एमपीपीएससी चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा प्रदेश की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में मानी जाती है, जिसमें चयन के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा रहती है। ऐसे में पूरे प्रदेश में 8वीं रैंक प्राप्त करना वर्ष चौबे की मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है। उनकी सफलता के बाद परिजनों में भी उत्साह का माहौल है और इसे वर्षों के संघर्ष और मेहनत का फल बताया जा रहा है। पद्मेश न्यूज से चर्चा करते हुए वर्ष चौबे ने बताया कि उन्होंने हमेशा स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास किया है। उनके अनुसार मरीजों की सेवा केवल नौकरी नहीं बल्कि जिम्मेदारी और कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करते हुए उन्हें लोगों की समस्याओं को समझने और जरूरतमंदों की मदद करने का अवसर मिला, जिसने उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से समाज और जिले के लोगों के लिए बेहतर कार्य करना है। आने वाले समय में भी वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं, ताकि जरूरतमंद मरीजों को बेहतर उपचार और सुविधाएं मिल सकें। वर्ष चौबे की सफलता पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। लोगों का कहना है कि उनकी मेहनत और सेवा भावना पहले से ही दिखाई देती थी और अब उनकी उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि लगातार मेहनत करने वालों को सफलता अवश्य मिलती है। उनकी इस उपलब्धि से जिले के युवाओं, विशेषकर स्वास्थ्य क्षेत्र की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल रही है। लोग इसे इस बात का उदाहरण मान रहे हैं कि स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर मेहनत के दम पर सीमित संसाधनों में भी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। वर्तमान में वर्ष चौबे की यह उपलब्धि पूरे बालाघाट जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग इसे जिले के लिए गौरव का क्षण बता रहे हैं।



# सड़क हादसे ने बुझाया घर का इकलौता चिराग

## साहिल की इलाज के दौरान मौत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक साहिल पिता गोरीशंकर ठाकरे 25 वर्ष ग्राम मेहदोली थाना रामपायली निवासी है। जिला अस्पताल पुलिस ने इस युवक का शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मामले में धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर प्रकरण संबंधित थाना वारासिवनी भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार साहिल ठाकरे अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनों की शादी हो चुकी है। मां का पहले ही निधन हो चुका है। जबकि पिता लकवा ग्रस्त बताए गए हैं। परिवार की जिम्मेदारी साहिल के कंधों पर थी। बताया गया कि 1 मई की सुबह करीब 6:30 बजे साहिल अपनी मोटरसाइकिल से बहन और जीजा को लेने वारासिवनी रेलवे स्टेशन जा रहा था। इसी दौरान ग्राम सिकंदरा के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने पिलर से टकरा गई। हादसे में साहिल के सिर और मस्तक में गंभीर चोटें आई तथा मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल साहिल को वारासिवनी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया। यहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर भेज दिया। परिजन साहिल को गोंदिया स्थित जानकी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां 5 मई को उसके सिर का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद भी उसकी हालत गंभीर बनी रही। आर्थिक तंगी के चलते परिजन 8 मई को साहिल को वापस जिला अस्पताल बालाघाट लेकर आए। जहां उपचार के दौरान 9 मई की शाम करीब 5 बजे उसकी मौत हो गई। 10 मई को जिला अस्पताल पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। युवक की असमय मौत से परिवार और गांव में शोक का माहौल है।



# उच्च न्यायालय के आदेश का नहीं हो रहा पालन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में आक्रोश

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने राज्य सरकार पर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जारी आदेशों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव के दौरान सरकार द्वारा मानदेय बढ़ाने की घोषणा की गई थी। इसके बाद अक्टूबर 2018 में मानदेय वृद्धि लागू भी की गई, लेकिन बाद में राज्य सरकार द्वारा नए आदेश जारी कर पूर्व निर्धारित राशि के अनुसार ही भुगतान किए जाने लगे। आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्धारित बढ़े हुए मानदेय के स्थान पर कम राशि का भुगतान किया जा रहा है। इस मामले को लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा न्यायालय की शरण ली गई थी। बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर ने वर्ष 2018 से 2023 तक के बकाया भुगतान को लेकर आदेश जारी किए थे, लेकिन अब तक उसका पूर्ण पालन नहीं हुआ है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि कई महीनों से बकाया भुगतान लंबित है, जिससे आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उनका आरोप है कि सरकार मेहनतकश कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है और उन्हें केवल आश्वासन देकर गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में जाति, धर्म और गुटबाजी के नाम पर लोगों को बांटकर कर्मचारियों की एकता कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि उच्च न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हुए तत्काल बकाया राशि का भुगतान किया जाए तथा मानदेय वृद्धि संबंधी आदेशों को पूरी तरह लागू किया जाए ताकि उन्हें आर्थिक व आर्थिक व मानसिक परेशानियों से मुक्ति मिल सके।

# मूलभूत समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरेगी आप, बनाई आंदोलन की रणनीति

## आप पार्टी की बैठक में संगठन विस्तार और स्थानीय मुद्दों को लेकर हुई चर्चा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** आम आदमी पार्टी की संगठन विस्तार को लेकर रविवार को शहर के बस स्टैण्ड स्थित सार्वजनिक धर्मशाला में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें विधानसभा विंग, ब्लॉक स्तरीय समिति व पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। बैठक में स्थानीय मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई। इसमें प्रमुख रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली पानी की समस्या को लेकर आप पार्टी द्वारा आम जनता के साथ सडक पर उतरकर आंदोलन किए जाने की रणनीति बनाई गई। आयोजित बैठक के दौरान स्टेट कोऑर्डिनेटर रजनीश नायडू, प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ शरद जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष मजदूर विंग हीरालाल पांचे, जिला सचिव अनिल ब्रम्हे, जिला उपाध्यक्ष सादिक कुरैशी, सुरेश सिंह कारे, शैलेंद्र श्रीवास्तव, गोरेलाल राहंगडाले, दिलीप बराडे, योगराज ठाकरे, दीपक राहंगडाले, दयाराम दमाहे, जिलासचिव देवानंद विश्वकर्मा, विकास गेडाम, स.सचिव ऊदेलाल चौधरी, प्रवीण चौहान, रोशनी तुरकर/संदीप तुरकर, मजदूर विंग दिनेश बघेले, शिक्षाविंग ओमप्रकाश जायसवाल, मजदूर विंग मनोज चौहान, सचिव शिक्षाविंग ज्ञानेश राणा, आरटीआई विंग मोहन राऊत, मीडिया प्रभारी महेंद्र गनवीर, लेबरविंग रमेश लिल्हारे, शैलेन्द्र गड़पाले चंदन लिल्हारे विकास लिल्हारे, विजय नागदेवे, नगेंद्र पवार, श्याम हुड्डमारे, राजकुमार मसकरे, दिनेश चौधरी, मोहित मात्रे और चंदनलाल लिल्हारे सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




### मूलभूत समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरकर करेंगे आंदोलन- शिव

पार्टी जिलाध्यक्ष शिव जायसवाल व ग्रामीण अध्यक्ष मस्तराम डहारे ने कहा कि जिले में आप पार्टी के संगठन का जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विस्तार किया जाएगा। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ जाकर सभी विंगों का गठन किया जाएगा। इसमें विधानसभा, ब्लॉक स्तर व पंचायत समिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था डगमगा गई है। अस्पतालों में डॉक्टरों का अभाव है। स्वास्थ्य केन्द्रों में डिलेवरी के समय डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो पाते है। डिलेवरी व ऑपरेशन निःशुल्क होना चाहिए लेकिन प्रसव के लिए पैसे का लेन-देन किया जाता है। जिले में शासकीय स्कूलें बंद हो रही है। जिससे गरीब मजदूरों के बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ाने को मजबूर है। सरकार बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने में अक्षम साबित हो रही है। इसके अलावा ग्रामीण आदिवासी अंचलों में लोगों को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल रहा है। आज भी ग्रामीण नालों का गंदा पानी पीने को मजबूर है। वहीं बिजली भी पर्याप्त नहीं मिल पा रही है। इससे किसान सिंचाई को लेकर परेशान है। सरकार इन गंभीर समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि इन मूलभूत सुविधाओं का लाभ व स्थानीय समस्याओं का शासन-प्रशासन द्वारा शीघ्र निराकरण नहीं किया जाता है तो आम आदमी पार्टी आमजनता के साथ सडक पर उतरकर आंदोलन करेगी।

# उधारी के 500 रुपये न देने पर कुल्हाड़ी की मूठ से हमला-पति को बचाने आई पत्नी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मलाजखंड थाना क्षेत्र के ग्राम बाहकल के बैगा टोला में उधारी के 500 रुपये वापस न करने पर एक व्यक्ति को हाथ-मुक्कों और कुल्हाड़ी की मूठ से हमला कर घायल कर दिया गया। घायल प्रदीप मेरावी कुंवर सिंह मेरावी 32 वर्ष का बिरसा अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी कृष्णा धुर्वे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बाहकल बैगा टोला निवासी प्रदीप मेरावी मजदूरी करता है। उसने गांव के ही कृष्णा धुर्वे से 500 रुपये उधार लिए थे। 8 मई की रात करीब 9:30 बजे प्रदीप अपनी पत्नी समली के साथ गांव की भोले की दुकान से सामान लेकर घर लौट रहा था। जैसे ही दोनों स्कूल के सामने पहुंचे वहां कृष्णा धुर्वे मिल गया और उधारी के 500 रुपये मांगने लगा। प्रदीप ने कहा दो-चार दिन में पैसे वापस कर दूंगा। इसी बात पर कृष्णा गाली-गलौज करने लगा। प्रदीप के मना करने पर कृष्णा धुर्वे ने हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी और हाथ में रखी कुल्हाड़ी की मूठ से सिर पर वार कर दिया। हमले में प्रदीप के सिर में चोट आई। बीच-बचाव करने आई पत्नी समली ने पति को छुड़ाया। जाते-जाते कृष्णा धुर्वे ने 500 रुपये वापस नहीं करने पर जान से मार डालने की धमकी दे दी। घायल प्रदीप पत्नी के साथ मलाजखंड थाने पहुंचा। पुलिस ने उसे तत्काल बिरसा अस्पताल में भर्ती कराया। प्रदीप की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी कृष्णा धुर्वे के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मोहझरी के तीन मंदिरों में लाखों की चोरी

## चांदी के मुकुट-छत्र और दान पेटियां ले उड़े चोर

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** क्षेत्र के ग्राम मोहझरी में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में तीन मंदिरों को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को देते हुए जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 09 मई 2026 की रात अज्ञात चोरों ने ग्राम मोहझरी स्थित नर्मदेश्वर धाम शिव मंदिर, शीतला माता मंदिर देवी चौक, भ्रामरी देवी मंदिर में ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। सुबह जब ग्रामीण पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो मंदिरों के ताले टूटे मिले और अंदर रखा सामान गायब था। इसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दिए गए लिखित आवेदन में बताया गया है कि चोर मंदिरों से चांदी के मुकुट, चांदी के छत्र, घंटे, दान पेटियां एवं अन्य पूजा सामग्री चोरी कर ले गए। आवेदन में चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत तीन लाख रुपये से अधिक बताई गई है। दस्तावेज के अनुसार विभिन्न मंदिरों से चोरी हुए सामान में चांदी के मुकुट एवं छत्रों की कीमत सबसे अधिक बताई गई है। वहीं दान पेटियों में रखी नकदी भी चोर




अपने साथ ले गए। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों में चोरी की यह बड़ी घटना है, जिससे ग्रामीणों की आस्था को ठेस पहुंची है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया तथा ग्रामीणों से पूछताछ की गई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों एवं संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। ग्राम पंचायत मोहझरी के प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र आरोपियों का पता लगाकर कठोर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की भी मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। लोगों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने तथा धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था किए जाने की मांग प्रशासन से की है।

# तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य विधिवत प्रारंभ

## ग्रामीणों को रोजगार के साथ अतिरिक्त आय

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य विधिवत प्रारंभ हो गया है। तेंदूपत्ता सीजन शुरू होते ही वन क्षेत्रों में ग्रामीणों की आवाजाही बढ़ गई है और सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं युवा जंगलों की ओर तेंदूपत्ता तोड़ने पहुंचने लगे हैं। लंबे समय से इस कार्य की प्रतीक्षा कर रहे ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, क्योंकि तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीण अंचलों में रोजगार एवं आय का प्रमुख साधन माना जाता है। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फड़ों पर तेंदूपत्ता खरीदी एवं संग्रहण की तैयारियां पहले से ही पूर्ण कर ली गई थीं। वन विभाग एवं संबंधित समितियों द्वारा संग्रहण केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। ग्रामीणों को मानक अनुसार पत्ते तोड़ने एवं सुरक्षित तरीके से संग्रहण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। तेंदूपत्ता कार्य प्रारंभ होने से वनांचल क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आने लगी है। ग्रामीण परिवारों के लिए यह सीजन अतिरिक्त आय का महत्वपूर्ण स्रोत होता है, जिससे उन्हें दैनिक जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलती है। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाएं इस कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में सहयोग करती हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य निर्धारित नियमों एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार कराया जाएगा। संग्रहण कार्य में लगे श्रमिकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जंगलों में आग जैसी घटनाओं से बचाव हेतु ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा है। ग्रामीणों ने



शासन एवं वन विभाग से मांग की है कि इस वर्ष तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य बढ़ाया जाए तथा भुगतान प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए, जिससे संग्रहकों को सीधा लाभ मिल सके।

# डीजे बंद कराने की बात पर युवक पर प्राणघातक हमला, सिर पर डंडा मारकर किया घायल, मुख्य आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** ग्राम मोहझरी में शादी समारोह के दौरान हुए विवाद के बाद युवक पर जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपी को लांजी पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा भी जब्त किया है, जबकि मामले में शामिल एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मोहझरी निवासी 30 वर्षीय देवेश रावते ने थाना लांजी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गोंदिया की टीआईसी कंपनी में सर्वेयर का कार्य करता है। 9 मई को वह गांव में रमेश आठोड़े के यहां आयोजित शादी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के दौरान गांव के दीप उरकुड़े और उसका भाई कान्हा उरकुड़े डीजे पर नाचते समय आपस में विवाद कर रहे थे। विवाद बढ़ता देख देवेश ने दोनों को समझाइश देते हुए डीजे बंद करा दिया, जिससे मामला शांत हो गया। शिकायत के अनुसार, शादी समारोह के बाद जब देवेश अपने दोस्त अमन नाकतोड़े के साथ घर लौट रहा था, तभी सेलर मशीन के पास दीप उरकुड़े और कान्हा उरकुड़े ने उसे रोक लिया। दोनों ने डीजे बंद कराने की बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दीप उरकुड़े ने लकड़ी के डंडे से देवेश के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। बीच-बचाव करने पहुंचे अमन नाकतोड़े के साथ भी दोनों आरोपियों ने मारपीट की। मामले में थाना लांजी में अपराध क्रमांक 157/2026 के तहत धारा 296(2), 115(2), 351(3), 109(1), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) ओमप्रकाश के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। तत्पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी दीप उरकुड़े पिता राजकुमार उरकुड़े, उम्र 21 वर्ष निवासी मोहझरी थाना लांजी जिला बालाघाट को 24 घंटे



के भीतर गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त डंडा जब्त किया गया तथा एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई उपरांत आरोपी एवं विधि विरुद्ध बालक को माननीय न्यायालय एवं किशोर न्याय बोर्ड बालाघाट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### इनकी रही भूमिका

पूरे मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लांजी उनि दीप सिंह परमार, उनि सुन्दरलाल पवार, चेतन सोनी, आशुतोष सिंह एवं पवन धाकड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नगर की सड़कों पर आवारा पशुओं का डेरा, दुर्घटनाओं का बना रहता अंदेशा - नगर परिषद प्रशासन निष्क्रिय

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** नगर में एक बार फिर आवारा पशुओं की सड़कों पर बढ़ती संख्या लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही नगर की मुख्य सड़कों, बाजार क्षेत्रों और चौक-चौराहों पर मवेशियों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। आवारा पशुओं के कारण जहां यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, वहीं दुकानदारों, राहगीरों और वाहन चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर की प्रमुख सड़कों पर दिनभर गाय, बैल और अन्य मवेशी झुंड बनाकर बैठे रहते हैं, जिससे सड़कें संकरी हो जाती हैं और बड़े वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। कई बार वाहन चालक अचानक सामने आए पशुओं को बचाने के प्रयास में दुर्घटना का शिकार होते-होते बचते हैं। विशेष रूप से शाम के समय नगर क्षेत्र में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब सड़क पर लोगों की भीड़ के बीच मवेशियों की आवाजाही बनी रहती है। सब्जी बाजार और किराना दुकानों के सामने घूम रहे आवारा पशु व्यापारियों के लिए भी सिरदर्द बने हुए हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि पशु अचानक दुकानों के सामने पहुंचकर सब्जियां और फल नुकसान पहुंचा देते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। कई बार ग्राहकों के हाथों से सामान छीन लेने जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं। नगर के नागरिकों ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति



खरीदारी कर थैला मोटरसाइकिल में टांग देता है तो आवारा पशु उसे भी खाने लगते हैं, जिससे लोगों को असुविधा और नुकसान दोनों उठाना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा पहले समय-समय पर आवारा पशुओं की धरपकड़ की कार्रवाई की जाती थी, लेकिन लंबे समय से इस दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। इसका परिणाम यह है कि पशुपालक भी अब अपने मवेशियों को खुला छोड़ने लगे हैं। नगर परिषद के पास आवारा पशुओं की पकड़ के लिए विशेष वाहन उपलब्ध होने के बावजूद स्थिति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है।

नगरवासियों ने मांग की है कि नगर परिषद नियमित अभियान चलाकर आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई करे और पशु मालिकों के खिलाफ जुर्माना या अन्य दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करे। नागरिकों का मानना है कि यदि पशु मालिकों पर सख्ती की जाए तो आवारा पशुओं की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। नगर के लोगों ने प्रशासन से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए कहा है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आने वाले दिनों में दुर्घटनाओं और परेशानियों में और बढ़ोतरी हो सकती है।

# आतंकी इनपुट के बाद राजधानी दिल्ली हाई अलर्ट पर

नई दिल्ली। खुफिया एजेंसियों से मिले आतंकी हमले के इनपुट के बाद देश की राजधानी दिल्ली को हाई अलर्ट पर रखा गया है। संभावित खतरे की जानकारी मिलने के बाद से ही दिल्ली पुलिस और तमाम सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह मुस्तैद हैं। शनिवार से ही शहर के संवेदनशील इलाकों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय दिल्ली स्थित कई महत्वपूर्ण कार्यालयों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को निशाना बनाए जाने की आशंका जताई गई है। सुरक्षा के लिहाज से दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय और आसपास के सरकारी भवनों पर सशस्त्र जवानों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। पुलिस ने इन क्षेत्रों में बैरिकेडिंग कर दी है और हर आने-जाने वाले वाहन की सघन तलाशी ली जा रही है। खुफिया अलर्ट में चेतावनी दी गई है कि आतंकी सुसाइड अटैक, आईईडी विस्फोट या अंधाधुंध गोलीबारी जैसी वारदातों की कोशिश कर सकते हैं। इस खतरे के मद्देनजर महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों, राजनीतिक कार्यालयों, व्यस्त बाजारों, बस अड्डों और मेट्रो स्टेशनों पर एंटी-सबोटेज चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बम निरोधक दस्ते, स्निफर डॉग यूनिट और क्विक रिएक्शन टीमों को स्टैंडबाय पर रखा गया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी लावारिस वस्तु या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत कंट्रोल रूम को दें। दिल्ली पुलिस की जिला इकाइयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे संवेदनशील बस्तियों में वेरिफिकेशन ड्राइव चलाएं और रैंडम चेकिंग तेज करें। वरिष्ठ अधिकारी लगातार सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के साथ समन्वय बनाए हुए हैं। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली फायर सर्विस को भी पूरी तैयारी के साथ अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। शहर की सीमाओं पर भी चौकसी बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी संदिग्ध वाहन का प्रवेश रोका जा सके।

# एनडीए नेता ने की असम के राज्यपाल आचार्य से मुलाकात

गुवाहाटी। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेता असम में सरकार के गठन की प्रक्रिया को लेकर रविवार को असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में राज्यपाल के साथ बैठक लोकभवन में तय थी। एक अधिकारी ने कहा कि नई सरकार के गठन से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई। राज्य में राजग द्वारा सरकार बनाने का दावा पेश किया और असमगण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) इसके घटक दल हैं। असम विधानसभा चुनावों में राजग ने दो-तिहाई बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल किया है।

# श्रीमती रामबती प्रकाशचंद हजारी का निधन

**पद्मेश न्यूज। हट्टा।** अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माताजी श्रीमती रामबती प्रकाशचंद हजारी का निधन 85 वर्ष की उम्र में रविवार दिनांक 10/05/2026 को प्रातः 9.45 बजे हो चुका है। इनका अंतिम संस्कार



सोमवार दिनांक 11/05/2026 को प्रातः 10 बजे मोक्ष धाम हट्टा (बालाघाट) में किया जाएगा।

# बंगाल में चला 'दादा' का जादू!

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत में मिथुन चक्रवर्ती की भूमिका अब चर्चा में

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद अब अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती एक बार फिर सुर्खियों में हैं। सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं की भूमिका चर्चा में है, लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है 'दादा' यानी मिथुन चक्रवर्ती ने। मुख्यमंत्री सुवेंदु के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच पर मिथुन चक्रवर्ती से विशेष मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच हुई लंबी बातचीत ने राजनीतिक गलियारों में यह संदेश दिया कि बंगाल में भाजपा की सफलता में मिथुन चक्रवर्ती की भूमिका को पार्टी शीर्ष नेतृत्व भी अहम मान रहा है। दरअसल शपथ ग्रहण समारोह में मिथुन चक्रवर्ती जैसे ही मंच पर पहुंचे, वहां मौजूद भाजपा नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलने के दौरान मिथुन ने सम्मान स्वरूप उनके पैर छूने की कोशिश की, लेकिन राजनाथ सिंह ने उन्हें रोक लिया। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें गले लगाकर अभिवादन किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल औपचारिक मुलाकात नहीं थी, बल्कि भाजपा नेतृत्व की ओर से मिथुन चक्रवर्ती के योगदान को सार्वजनिक सम्मान देने का संकेत भी था। मिथुन चक्रवर्ती लंबे समय से भाजपा के लिए बंगाल में सक्रिय रहे हैं। वर्ष 2021 में भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने लगातार पार्टी के लिए प्रचार किया और बंगाल में भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उस समय बंगाल की फिल्म इंडस्ट्री में भाजपा के समर्थन को लेकर काफी विरोध का माहौल माना जाता था। कई कलाकार खुलकर भाजपा के पक्ष में आने से बचते थे। ऐसे माहौल में मिथुन चक्रवर्ती का भाजपा से जुड़ना बड़ा राजनीतिक संदेश माना गया था। मिथुन चक्रवर्ती की लोकप्रियता केवल शहरी इलाकों तक सीमित नहीं रही। कोलकाता के उच्च वर्ग से लेकर सुंदरबन के मछुआरों और पुरुलिया के आदिवासी क्षेत्रों तक उनकी मजबूत पकड़ देखने को मिली। अपनी सभाओं और भाषणों में उन्होंने गरीबों, शोषितों और आम बंगालियों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। राजनीतिक जानकारों के अनुसार, मिथुन ने भाजपा और बंगाल की जनता के बीच भावनात्मक संबंध बनाने का काम किया।

# झारखंड में बदला मौसम का मिजाज, कई जिलों में आंधी-बारिश और वज्रपात का अलर्ट

रांची। झारखंड में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। मौसम केंद्र रांची ने राज्य के लगभग सभी जिलों के लिए आंधी, बारिश, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। यह मौसमी बदलाव 11 मई से शुरू हुआ है और अगले कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। रांची, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज सहित अधिकांश जिलों में मेघ गर्जन और वज्रपात की प्रबल संभावना है। दक्षिणी और मध्य झारखंड के जिलों में तेज हवा के साथ बारिश का असर अधिक देखने को मिल सकता है। लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी गई है। तापमान की बात करें तो राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# पांच राज्यों में चुनाव संपन्न कराने के बाद तीर्थयात्रा पर निकले चुनाव आयुक्त ज्ञानेश



## परिवार संग तिरुमला वेंकटेश्वर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की, भगवान का माना आभार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के चलते चुनाव आयोग काफी व्यस्त था। ऐसे में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का मसरूफ रहना भी स्वाभाविक है। ऐसे में अब सवाल उठता है कि विधानसभा चुनाव के संपन्न होने के बाद ज्ञानेश कुमार कहां हैं? इसका जवाब है ज्ञानेश कुमार परिवार के साथ तीर्थयात्रा पर गए हैं। उन्होंने आंध्र प्रदेश में स्थिति विश्व प्रसिद्ध तिरुमला वेंकटेश्वर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सुबह आंध्र प्रदेश स्थित तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर सफल चुनाव प्रक्रिया के लिए भगवान का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनकी पत्नी भी उनके साथ थीं। दोनों ने मंदिर में विधिवत पूजा कर देश में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न होने पर सर्वशक्तिमान ईश्वर का आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद किया। मंदिर प्रशासन की ओर से दंपति का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। दर्शन के बाद उन्होंने मंदिर परिसर में कुछ समय बिताया और धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। बता दें हाल ही में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं, जिन्हें चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित कराया। चुनाव प्रक्रिया के सफल समापन के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त का यह पहली धार्मिक यात्रा है। बता दें आंध्र प्रदेश के तिरुमला स्थित भगवान वेंकटेश्वर मंदिर देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे प्रसिद्ध और सर्वाधिक दर्शन किए जाने वाले तीर्थस्थलों में शामिल है। भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले श्री वेंकटेश्वर स्वामी को समर्पित यह प्राचीन मंदिर तिरुमला की शेषाचलम पहाड़ियों की सातवीं चोटी पर स्थित है। श्रद्धालु इसे कलियुग वैकुंठ और कलियुग प्रत्यक्ष दैवम के नाम से भी जानते हैं। द्रविड़ शैली की भव्य वास्तुकला वाला यह मंदिर धार्मिक आस्था और समृद्ध परंपराओं का अद्भुत संगम माना जाता है। मंदिर परिसर सुबह लगभग छह बजे से रात आठ बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहता है, हालांकि भीड़ के मुताबिक समय में बदलाव संभव है।

## सिग्नल टावर पर किसने लगाया तीसरी आंख का पहरा?

### मुजफ्फरपुर से पूरे देश में अलर्ट- रेलवे ट्रैक और टावरों की सुरक्षा जांच तेज

मुजफ्फरपुर। हाजीपुर रेलखंड पर सराय स्टेशन के पास एक सिग्नल टावर पर संदिग्ध हाईटेक इंटरनेट प्रोटोकॉल कैमरा मिलने से हड़कंप मच गया है। इस गंभीर सुरक्षा चूक के सामने आने के बाद पूरे देश में रेलवे सुरक्षा को लेकर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आरपीएफ, एटीएस, एसटीएफ और खुफिया एजेंसियां संयुक्त रूप से जांच में जुट गई हैं। प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि इस कैमरे का इस्तेमाल किसी आतंकी नेटवर्क द्वारा रेलवे की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जा रहा था। आरपीएफ महानिदेशक ने देशभर के अधिकारियों को सतर्कता बढ़ाने और विशेष निगरानी के लिए 12 सूत्रीय निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत पूर्व मध्य रेल के सभी पांचों मंडलों में स्टेशन परिसरों, सिग्नल टावरों और पटरियों के पास लगे कैमरों की गहन जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सभी कैमरे रेलवे द्वारा ही लगाए गए हों। समस्तीपुर और सोनपुर सहित विभिन्न रेल मंडलों के प्रबंधकों से इस संबंध में तत्काल रिपोर्ट मांगी गई है। रेलवे इंटेलिजेंस और आर्मी इंटेलिजेंस भी इस मामले की गहराई से पड़ताल कर रही है। आरपीएफ क्राइम ब्रांच की टीम नेतृत्व संभालते हुए यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह हाईटेक कैमरा वहां कब और किसने लगाया। रेलवे के संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। रेल पुलिस ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस कांड की हर पहलू से जांच करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

## चंद्रनाथ हत्याकांड- डिजिटल सबूत ने बढ़ाई हत्यारों की मुश्किल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के निजी सचिव चंद्रनाथ रथ की हत्या की गुत्थी सुलझाने में विशेष जांच दल (एसआईटी) को एक ब ा सुराग मिला है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि वारदात के बाद फरार होते समय अपराधियों ने बाली टोल ब्रिज पार किया था और वहां टोल टैक्स का भुगतान यूपीआई के जरिए किया गया था। अब पुलिस इस डिजिटल ट्रांजैक्शन की कड़ियों को जोड़कर हत्यारों के बैंक विवरण और पहचान तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। इस सनसनीखेज हत्याकांड में पुलिस ने अब तक तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे कड़ी पूछताछ की जा रही है। हालांकि, घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य हमलावर पुलिस की पहुंच से बाहर हैं। गुरुवार रात माध्यमग्राम में चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जांच अधिकारियों को अंदेशा है कि इस वारदात को अंजाम देने के लिए उत्तर प्रदेश या बिहार से पेशेवर शार्प शूटर बुलाए गए थे, जिसके चलते पुलिस की दो विशेष टीमें इन राज्यों के लिए रवाना कर दी गई हैं। जांच में सबसे बड़ी बाधा अपराधियों के भागने वाले रूट पर लगे खराब सीसीटीवी कैमरे बन रहे हैं। दोहारिया-माठपाड़ा इलाके के कई कैमरे लंबे समय से बंद हैं, जिसका फायदा उठाकर अपराधी अंधेरे में फरार होने में सफल रहे। पुलिस सूत्रों का मानना है कि हमलावरों के पास चंद्रनाथ रथ की सटीक लोकेशन थी और उन्हें पता था कि वह कार में किस तरफ बैठे हैं। पुलिस ने इलाके से मिले अन्य फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध वाहन की पहचान भी की है, जो वारदात के समय मृतक की कार का पीछा कर रहा था। फिलहाल, पुलिस यूपीआई डेटा और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की घेराबंदी में जुटी है।

# अब एक और आप विधायक विवादों में, युवक ने लगाए नौकरी का झांसा देकर पैसे लेने के आरोप

चंडीगढ़। लुधियाना से आम आदमी पार्टी के विधायक अशोक कुमार पाराशर विवादों में घिरते हुए नजर आ रहे हैं। फर्जी नौकरियों के लगे आरोपों में घिरा युवक निखिल सभ्रवाल मीडिया के सामने आया। निखिल ने बताया कि उसके ऊपर गलत आरोप लगाए गए हैं। जबकि नौकरियों का झांसा देकर लोगों को जितने भी पैसे लिए जाते थे वह विधायक पाराशर को दिए जाते थे।

मीडिया के सामने आए निखिल ने बताया कि जब उसके खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया तो उसे मजबूरन मीडिया के सामने आना पड़ा। उसे नकली पीए बोलकर 2 साल बाद मामला दर्ज करवा दिया गया है। विधायक उसे 13 हजार रुपए देते थे। जितने भी उलटे सीधे काम होते थे उससे करवाते थे। जेब खर्च पानी के लिए 5-6 हजार देते थे।

निखिल ने कहा कि क्या पहले ये लोग सो रहे थे, अब इन्हें याद आ गई। मेरे ऊपर आरोप लगाए गए हैं, नकली पीए है। उसने कहा कि मेरा आईडी कार्ड, सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक और इंस्टाग्राम चेक कर सकते हैं। मेरी वीडियो और तस्वीरें चेक कर लें। युवक ने कहा कि वह अशोक पाराशर पप्पी का पीए है। उसका आफिस इंचार्ज का आईकार्ड बना हुआ है। जब 2022 में वह विधायक बने तब से उनके साथ काम कर रहा हूं। उसे प्राइवेट रखा हुआ था। युवक निखिल ने बताया कि, विधायक के दफ्तर का सारा काम वह करता था। सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक वह दफ्तर में ही काम करता था।

निखिल ने आरोप लगाते हुए कहा कि लोगों को नौकरियां देने का झांसा देकर 1.70 लाख रुपए लिए जिन्हें विधायक को दिए। ये रकम इतनी ही नहीं बल्कि 80-90 करोड़ों रुपए से ज्यादा तक जाएगी। अभी तो सिर्फ 2 लोग ही सामने आए हैं, जिससे ये मामला सामने आया। डीसी रेट की भर्ती के लिए एक लाख रुपए लेने के लिए कहा जाता था। किसी व्यक्ति से 90 हजार रुपए लेकर 10 हजार निखिल खुद रखता था। उसके रिश्तेदार भी फंस गए। निखिल ने बताया कि उसके पिता की मौत 2022 में हो गई है, उसके परिवार में उसकी मां, दादी, और बहन है। जिन लोगों को नौकरी की बात का झांसा दिया उनमें उसके परिवार के लोग भी शामिल है। युवक ने कहा कि, विधायक के कारण उसका अपना घर बिक गया।

निखिल ने कहा कि हर बार उसे कहा जाता था कि, तेरा काम सही है हमारे साथ रहेगा तो आगे तक जाएगा। चुनावों के दौरान प्रचार दौरान जितने भी पेमेंट गई उसके बिल पड़े हैं। इसके अलावा उसके पास बैंक खातों के स्टेटमेंट भी हैं। निखिल ने कहा आने वाले समय में सभी सबूत दिखा दूंगा। उसने अपना आईडी कार्ड दिखाते हुए कहा कि वह नकली पीए नहीं है। उसकी सोशल मीडिया पर निखिल सभ्रवाल की आईडी है। कोई भी विधायक ऐसे ही किसी को अपनी कुर्सी पर नहीं बैठाता। किसी व्यक्ति ने मेरी शिकायत करवा दी, कि ये विधायक पाराशर का पीए है। युवक ने बताया कि उसकी 2 नंबर थाने में शिकायत दी गई। थाने का टीएसपी भनोट विधायक पाराशर का खास दोस्त है। शिकायत मिलने पर उसने विधायक को फोन कर दिया कि, आपके खिलाफ शिकायत मिली है। इसके बाद विधायक ने कहा कि इसके खिलाफ मामला दर्ज कर लो नहीं तो मैं फंस जाऊंगा।

इसके बाद निखिल 2 महीने दुबई चला गया, लेकिन इस दौरान उसके परिवार वालों को तंग किया जाता था। उसके घर में अलग-अलग थाने की पुलिस आती थी। इस बात से परेशान होकर वह वापस आया है। और लोगों को सच्चाई बताई। प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की जांच सीबीआई और होम मिनिस्टर, ईडी से जांच करवाई जाए। क्योंकि पंजाब की पुलिस से कोई उम्मीद नहीं है। युवक ने अपनी जान को भी खतरा बताया। उसने कहा कि वह मीडिया के सामने नहीं आना चाहता था। परिवार वालों की जान को खतरा है। जल्द से जल्द पूरे प्रूफ सार्वजनिक करूंगा।

वहीं, दूसरी तरफ विधायक अशोक पाराशर ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे विपक्ष की ओछी साजिश बताया है। विधायक ने कहा कि आरोपी उसके आफिस में आता था और जब उन्हें उसकी ठगी का पता चला, तो उन्होंने खुद पीड़ितों की मदद की और पुलिस से केस दर्ज करवाया। आरोपी अब बीजेपी नेता गुरदेव देबी के साथ मिलकर उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। आरोपी के पास कोई सबूत नहीं है। सिर्फ फर्जी कागज दिखा कर आरोप लगा रहा है। उसकी किसी बात में कोई सच्चाई नहीं है।

## हमारी प्राथमिकता बंगाल को नए सिरे से बनाना और जनता का विश्वास जीतना

### मंत्री घोष बोले- यह तय कर रहे हैं किसे कौन सी जिम्मेदारी और भूमिका सौंपी जाए

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में बीजेपी की सरकार बनने के बाद अब पार्टी जनता का विश्वास जीतने में लगी है। मंत्री दिलीप घोष ने कहा कि आज छुट्टी है और सोमवार को एक बैठक होगी जिसमें कई फैसले लिए जा सकते हैं। हम लोग जनता का विश्वास जीत रहे हैं। घोष ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारी प्राथमिकता बंगाल को एक नए सिरे से बनाना है क्योंकि कई व्यवस्थाएं बिगड़ चुकी हैं। कानून-व्यवस्था कमजोर है और लोग कई सालों से डर के साए में जी रहे हैं। शिक्षा की स्थिति अच्छी नहीं है, स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है और उद्योग या रोजगार के अवसर बहुत ही कम हैं। उन्होंने कहा पार्टी के नेता आपस में चर्चा कर रहे हैं और यह तय कर रहे हैं कि किसे कौन सी जिम्मेदारियां और भूमिकाएं सौंपी जाएंगी, जिससे पश्चिम बंगाल में विकास का काम तेजी से हो सके। हमारी प्राथमिकता जनता की समस्याओं को दूर करना है। घोष ने कहा कि हमें बंगाल को फिर से बनाना है। हमें हर चीज पर काम करना होगा और इसमें समय लगेगा। हालांकि हम तुरंत काम शुरू कर देंगे और आप बदलाव देख सकेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में 207 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया है और टीएमसी के 15 साल के शासन को खत्म कर दिया है। जनता को पहले ही विश्वास हो गया था कि बीजेपी ही पश्चिम बंगाल का विकास कर सकती है। वहीं यूपी सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल का विकास बीजेपी की प्राथमिकता है।

## हम दुनिया को दिखाएंगे सरकार को कितनी कुशलता से चला सकते हैं

### टीवीके के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री बनी कीर्तना ने बोली फर्राटेदार हिंदी

चेन्नई। विजय ने जिस दिन सीएम पद की शपथ ली, उसी दिन एस कीर्तना ने तमिलनाडु में टीवीके के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री के रूप में शपथ ली। वह नवगठित मंत्रिमंडल में शामिल 9 मंत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने रविवार सुबह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एन आनंद, आधव अर्जुन, के ए सेंगोत्तैयान, पी वेंकटरमनन, आर निर्मलकुमार, राजमोहन, टी के प्रभु और के जी अनुराज के साथ शपथ ग्रहण की।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शपथ ग्रहण करने के बाद कीर्तना ने कहा कि तमिलनाडु की नई सरकार शासन में एक मिसाल कायम करेगी। उन्होंने कहा कि यह अविश्वसनीय है क्योंकि किसी अन्य राज्य में इस तरह का कैबिनेट मंत्री नहीं होगा। कोई हमें ऐसा मौका नहीं देगा। हम दुनिया को दिखाएंगे कि हम सरकार को कितनी कुशलता से चला सकते हैं। कीर्तना शिवकाशी से नवनिर्वाचित विधायक हैं, जिसे अक्सर भारत की आतिशबाजी राजधानी कहा जाता है।

रिपोर्ट के मुताबिक स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त कीर्तना 29 साल की आयु में मंत्रिमंडल की सबसे युवा सदस्य हैं। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए चुनावों में 11,697 वोटों के अंतर से शिवकाशी सीट जीती। वह विजय के मंत्रिमंडल में एकमात्र महिला हैं और शिवकाशी से पहली महिला विधायक हैं, जिन्होंने इस निर्वाचन क्षेत्र में करीब सात दशकों के पुरुष वर्चस्व को खत्म किया है।

कई भाषाओं में धाराप्रवाह बोलने वाली कीर्थना ने हिंदी पर अपनी मजबूत पकड़ के लिए ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने अपने भाषण में फर्राटेदार हिंदी बोली। विशेष रूप से तमिलनाडु में, जहां भाषा एक संवेदनशील और राजनीतिक रूप से अहम मुद्दा बनी हुई है। विजय ने रविवार को तमिलनाडु के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, जिससे राज्य में एक नए राजनीतिक अध्याय की शुरुआत हुई। विजय ने जनता को उनके जनादेश के लिए धन्यवाद दिया और धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय पर आधारित सरकार बनाने के लिए एकजुट प्रयास का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वे एक साधारण व्यक्ति हैं जो झूठे वादों से बचेंगे और केवल उन्हीं कार्यों को पूरा करेंगे जो संभव हैं।

## जाखड़ के घर आप नेताओं ने की बीजेपी व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

चंडीगढ़। अबोहर में रविवार को आम आदमी पार्टी ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ की कोठी के बाहर धरना देकर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आप नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बीजेपी और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इडी के दुरुपयोग के आरोप लगाए। धरने में जिला प्रधान उपकार सिंह जाखड़, फाजिल्का के विधायक नरेंद्र पाल सवना, जलालाबाद के विधायक अमनदीप गोल्डी कंबोज, हल्का इंचार्ज अरुण नारंग सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार विपक्षी दलों को दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है और आम आदमी पार्टी के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विधायक नरेंद्र पाल सवना ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ईडी का दुरुपयोग कर आम आदमी पार्टी के नेताओं को डराने और दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आए दिन एजेंसियों के जरिए छापेमारी और कार्रवाई कर पंजाब का माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इन दबावों से डरने वाली नहीं है और पंजाब के लोग बीजेपी की धक्केशाही के आगे झुकने वाले नहीं हैं। सवना ने विधायक संदीप जाखड़ पर भी तंज कसते हुए कहा कि उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि वह बीजेपी में हैं या कांग्रेस में।

वहीं जिला प्रधान उपकार सिंह जाखड़ ने कहा कि अरविंद केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को पहले भी झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की गई, लेकिन अदालतों ने समय-समय पर सच्चाई सामने रखी है। हल्का इंचार्ज अरुण नारंग ने कहा कि आम आदमी पार्टी लोकतंत्र और जनता की आवाज उठाने का काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दबाव बनाकर विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश लोकतंत्र के लिए ठीक संकेत नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

विधायक अमनदीप गोल्डी कंबोज ने कहा कि सुनील जाखड़ पहले बीजेपी की नीतियों की आलोचना करते थे, लेकिन अब केंद्र सरकार के समर्थन में बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेताओं को पंजाब के लोगों के हितों की आवाज केंद्र सरकार तक पहुंचानी चाहिए और राज्य के रुके हुए फंड जारी करवाने चाहिए। आप नेताओं ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को पहले किसान आंदोलन के दौरान पंजाब और किसानों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा था और आखिरकार कृषि कानून वापस लेने पड़े थे।

## हंतावायरस से प्रभावित शिप टेनेरिफ द्वीप पहुंचा, यात्री और चालक दल उतरा

नई दिल्ली। क्रूज ऑपरेटर ओशनवाइड एक्सपीडिशन्स ने शनिवार को बताया कि हंटावायरस से प्रभावित डच-फ्लैग वाले जहाज एमवी होंडियस पर सवार यात्री और चालक दल के कुछ सदस्य रविवार को सुबह जीएमटी से टेनेरिफ में उतरे। कंपनी ने बताया कि जहाज के सुबह 4:30 जीएमटी पर ग्रेनाडिला, टेनेरिफ पहुंचने की उम्मीद थी और जहाज से उतरने वालों को तुरंत उनके निर्धारित विमानों में ट्रांसफर कर दिया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस के टेनेरिफ में इस रेस्क्यू अभियान के समन्वय में मदद करने की उम्मीद है। स्पेनिश द्वीप के लोगों के नाम लिखे एक खुले पत्र में कहा कि वायरस से प्रभावित इस जहाज से उन्हें जो खतरा है वह कम है। घेब्रेयसस ने लोगों को आश्वस्त किया कि मैं चाहता हूं कि आप मेरी बात स्पष्ट रूप से सुनें कि यह कोई नया कोविड नहीं है। हंटावायरस से वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम कम है। रिपोर्ट के मुताबिक स्पेन की स्वास्थ्य मंत्री मोनिका गार्सिया गोमेज ने स्पष्ट किया है कि कैनरी द्वीप समूह में न तो यात्रियों का सामान और न ही मृतक व्यक्ति का शव उतारा जाएगा, वे चालक दल के एक हिस्से के साथ जहाज पर ही रहेंगे। वर्तमान में जहाज पर 20 से ज्यादा देशों के नागरिक सवार हैं। डब्ल्यूएचओ, स्पेनिश अधिकारियों और ओशनवाइड ने बताया कि फिलहाल जहाज पर मौजूद किसी भी व्यक्ति में वायरस के लक्षण नहीं दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, इस प्रकोप के शुरू होने के बाद से अब तक तीन यात्रियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा जहाज से पहले ही उतर चुके पांच अन्य यात्रियों के भी हंटावायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि संक्रमित यात्रियों में एंडीज वायरस पाया गया है। यह हंटावायरस का एकमात्र ऐसा ज्ञात स्ट्रेन है जो दुर्लभ मामलों में एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ा दी है। हंटावायरस आमतौर पर संक्रमित चूहों के मल-मूत्र के संपर्क में आने या सांस के जरिए उसे अंदर लेने से फैलता है।

## शोहरत की बुलंदी भी पल भर का तमाशा है.... यूपी कैबिनेट में बेटे को जगह नहीं मिलने से नाराज बृजभूषण

लखनऊ। यूपी में कैबिनेट का विस्तार होना है। इसको लेकर लखनऊ में तैयारी भी चल रही है। इन सबके बीच खबर यह है कि बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह नाराज हैं। माना जा रहा था कि इस कैबिनेट विस्तार में बृजभूषण के बेटे को मंत्री बनाया जा सकता है, लेकिन अब तक जो खबरें आई है उसके मुताबिक के बृजभूषण के बेटे का नाम मंत्री पद के शपथ लेने वाले नेताओं में नहीं है। इसी बीच बृजभूषण ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अपनी पोस्ट में बृजभूषण शरण सिंह ने साफ तौर पर लिखा है कि शोहरत की बुलंदी भी पल भर का तमाशा है, जिस साख पर बैठे हो वह टूट भी सकती है। माना जा रहा है कि इस पोस्ट के जरिए बृजभूषण ने अपनी नाराजगी जाहिर की है, लेकिन आखिर बृजभूषण का यह पोस्ट क्यों आया है, इसको लेकर जानकारी वह खुद दे सकते हैं। फिलहाल उनके इस पोस्ट को योगी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार से जोड़ कर देखा जा रहा है। इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार शाम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से लखनऊ स्थित 'जन भवन' में शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के बाद राज्य में मंत्रिपरिषद विस्तार की संभावना तेज हो गई हैं। 'जन भवन' की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक सीएम योगी ने राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें लालचंद राम द्वारा लिखित पुस्तक 卐भारतीय ज्ञान परंपरा अवधारणा卐 भेंट की। राज्य में लंबे समय से मंत्रिपरिषद विस्तार की चर्चाएं चल रही हैं और माना जा रहा है कि इस पर जल्द फैसला हो सकता है। पश्चिम बंगाल और असम समेत कई राज्यों में हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि यूपी सरकार में भी विस्तार संभव है। उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यीय विधानसभा में अधिकतम 60 मंत्री हो सकते हैं जबकि वर्तमान में कुछ मंत्री पद रिक्त हैं। अगले साल 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंत्रिपरिषद विस्तार को राजनीतिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह विस्तार रविवार को हो सकता है हालांकि अभी तक सरकार की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## झारखंड के शराब घोटाले की जांच रही बेनतीजा

### जमानत पर रिहा हुए सभी आरोपी

रांची। झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी को एक साल पूरा होने वाला है, लेकिन जांच अब तक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। 20 मई 2025 को दर्ज हुई इस प्राथमिकी के बाद एसीबी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। एजेंसी ने पिछले एक साल के दौरान निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे समेत 17 रसूखदार अधिकारियों और शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल तो भेजा, लेकिन समय पर उनके विरुद्ध आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल करने में विफल रही।

एसीबी की इस सुस्ती का सीधा लाभ आरोपितों को मिला और एक-एक कर लगभग सभी आरोपित डिफॉल्ट बेल पाकर जेल से बाहर आ गए। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि एसीबी ने गिरफ्तारी के समय जितनी तत्परता दिखाई थी, उतनी ही उदासीनता चार्जशीट दाखिल करने में बरती गई। एजेंसी के अधिकारियों ने दलील दी कि उनकी तैयारी पूरी नहीं थी, जिसके कारण निर्धारित समय सीमा के भीतर कानूनी दस्तावेज अदालत में पेश नहीं किए जा सके। गौरतलब है कि 20 मई 2025 को कार्रवाई शुरू करते हुए एसीबी ने सबसे पहले तत्कालीन आईएएस विनय कुमार चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह और प्लेसमेंट एजेंसी के नीरज कुमार को सलाखों के पीछे भेजा था। उस समय अदालत में दावा किया गया था कि अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के पुख्ता सबूत मौजूद हैं। हालांकि, इन दावों के बावजूद जांच एजेंसी कानूनी प्रक्रिया को अंजाम तक नहीं पहुंचा पाई। फिलहाल, विनय कुमार चौबे एक अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में हैं, जबकि सिंडिकेट के बाकी सभी सदस्य बाहर आ चुके हैं। यह पूरा घोटाला वर्ष 2022 की नई उत्पाद नीति से जुड़ा है। आरोप है कि छत्तीसगढ़ के शराब सिंडिकेट के साथ मिलकर नियमों में मनमाना बदलाव किया गया और फर्जी बैंक गारंटी के आधार पर चहेती प्लेसमेंट एजेंसियों को मैनपावर सप्लाई का ठेका दिया गया। शुरुआती जांच में यह घोटाला 38 करोड़ रुपये का बताया गया था, लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, इसके 750 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया। आरोप है कि इस पूरी साजिश से राज्य के खजाने को भारी चपत लगी और निजी कंपनियों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। अब एक साल बीतने के बाद भी एसीबी की चार्जशीट का इंतजार जारी है।

## महाराष्ट्र में 'स्याही कांड' से गरमाई राजनीति

मुंबई। महाराष्ट्र में शनिवार को हुई दो अलग-अलग स्याही फेंकने की घटनाओं ने राज्य की राजनीति में हलचल पैदा कर दी। पहली घटना पुणे के आलंदी क्षेत्र में हुई, जहां राकांपा (शरद पवार गुट) के प्रवक्ता विकास लवांडे पर कुछ लोगों ने काली स्याही फेंकी। लवांडे ने आरोप लगाया कि कीर्तनकार संग्राम भंडारे और उनके समर्थकों ने उनकी कार रोककर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद वे पुलिस स्टेशन पहुंचकर सत्याग्रह पर बैठ गए। दूसरी घटना जालना में हुई, जहां मनसे कार्यकर्ताओं ने वकील गुणरत्न सदावर्ते की कार को घेरकर उस पर स्याही और सुपारी फेंकी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित की और कुछ लोगों को हिरासत में लिया। इन अप्रत्याशित घटनाओं के बाद राज्य में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस और विपक्षी दलों ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

## कर्नाटक के कैबिनेट मंत्री डी. सुधाकर का निधन

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार के योजना एवं सांख्यिकी मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डी. सुधाकर का रविवार तड़के निधन हो गया। 66 वर्षीय सुधाकर पिछले दो महीनों से फेफड़ों के गंभीर संक्रमण से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही राज्य के राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है। बेंगलुरु स्थित कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज द्वारा जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार, मंत्री सुधाकर ने तड़के 3:15 बजे अंतिम सांस ली। संक्रमण की गंभीरता के कारण उन्हें दो माह पूर्व अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनके उपचार में जुटी थी। अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. आर. चिन्नादुरई ने उनके निधन की आधिकारिक पुष्टि की है। डी. सुधाकर कर्नाटक की राजनीति के एक अनुभवी और बेहद लोकप्रिय चेहरे थे। वे चित्रदुर्ग जिले के हिरियूर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कैबिनेट के महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में उन्होंने योजना एवं सांख्यिकी विभाग की जिम्मेदारी बखूबी संभाली। कांग्रेस पार्टी के एक मजबूत स्तंभ माने जाने वाले सुधाकर अपनी सादगी और आम जनता के बीच गहरी पैठ के लिए पहचाने जाते थे। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार सहित राज्य के तमाम बड़े नेताओं ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। डी.के. शिवकुमार ने उन्हें एक कर्मठ सहयोगी और जनता का सच्चा सेवक बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रशासन के अनुसार, उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए उनके गृह निर्वाचन क्षेत्र हिरियूर ले जाया जाएगा, जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार संपन्न होगा। उनके सम्मान में राज्य के कई हिस्सों में शोक व्यक्त किया जा रहा है।

